
## अम्बाला अपराध समाचार

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार




**अम्बाला, 27 दिसम्बर ( गुलशन कुमार )।** पुलिस अधीक्षक अम्बाला श्री जशनदीप सिंह रंधावा के निर्देशानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी की वारदातों को रोकने हेतू चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना साहा क्षेत्र गांव केसरी में हुई चोरी के मामले में सीआईए-1 अम्बाला के पुलिस दल ने निरीक्षक संदीप कुमार के नेतृत्व में आरोपी गुरविन्द्र निवासी गांव लंगर छन्नी थाना साहा जिला अम्बाला को गिरफ्तार किया। आरोपी का न्यायालय के आदेशानुसार 01 दिन का रिमाण्ड मंजूर हुआ। इस मामले के सम्बन्ध में बलवान सिंह निवासी गांव केसरी थाना साहा अम्बाला ने 25 दिसम्बर 2021 को थाना साहा में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 24/25 दिसम्बर 2021 की रात्रि को गांव केसरी से किसी अज्ञात ने उसके ट्रैक्टर की बैटरी चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जिम्मेवारी सीआईए-1 अम्बाला के पुलिस दल को सौंप दी थी।

### दहेज उत्पीड़न के दो मामले दर्ज

**अम्बाला।** महिला पुलिस थाना अम्बाला में शिकायतकर्ता पीड़ित महिला ने शिकायत दर्ज करवाई है कि 25 अगस्त 2020 विवाह के समय से ही उसके ससुराल पक्ष के लोग अधिक दहेज की मांग हेतू उसे प्रताड़ित करते आ रहे हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी है। एक अन्य मामले में थाना मुलाना में शिकायतकर्ता पीड़ित महिला ने शिकायत दर्ज करवाई है कि 11 दिसम्बर 2010 विवाह के समय से ही उसके ससुराल पक्ष के लोग अधिक दहेज की मांग हेतू उसे प्रताड़ित करते आ रहे हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी है।

### 15 गोवंश बैलों की तस्करी के मामले में पांचवां आरोपी गिरफ्तार



**अम्बाला।** थाना सदर अम्बाला में दर्ज ट्रक में क्रूरतापूर्वक लादकर ले जाए जा रहे 15 बैलों की तस्करी के मामले में पुलिस ने उप-निरीक्षक सुरेश कुमार के नेतृत्व में आरोपी विजय सिंह उर्फ सतपाल निवासी गांव राजनगर थाना टोहाना जिला फतेहाबाद वर्तमान पता नजदीक जाखल बस स्टैण्ड खानाबदोश गिरफ्तार किया। आरोपी का न्यायालय के आदेशानुसार 03 दिन का रिमाण्ड मंजूर हुआ। 01 दिसम्बर 2021 को थाना सदर अम्बाला पुलिस दल को सूचना मिली थी कि एक ट्रक में गऊवशं को क्रूरतापूर्वक लादकर ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरन्त थाना सदर अम्बाला क्षेत्र शम्भु टोल प्लाजा के पास नाकाबन्दी की। नाकाबन्दी के दौरान संदिग्ध वाहनों की चैकिंग करते समय एक ट्रक में 15 बैलों को क्रूरतापूर्वक लादकर ले जा रहा था जिन्हें पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर आरोपियों को गिरफ्तार किया था। आरोपियों की पहचान तालेवर सिंह निवासी गांव जाटोंवाली जिला अमरोहा यूपी व हरविन्द्र सिंह निवासी गांव गागाछौली थाना हशनपुर जिला अमरोहा यूपी के रूप में हुई थी। जिन्हें गिरफ्तार कर थाना सदर अम्बाला में मामला दर्ज किया था। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान बतलाया था कि आरोपी विजय सिंह उर्फ सतपाल भी इस मामले में सलिंप्त है।

### गुमशुदगी के दो मामले दर्ज

**अम्बाला।** थाना सदर अम्बाला में मुकेश कुमार निवासी हीरा नगर अम्बाला शहर ने शिकायत दर्ज करवाई है कि 16 दिसम्बर 2021 को उसका 23 वर्षीय पुत्र मनमीत बिना किसी को सूचित किए घर से कहीं चला गया है। रिश्तेदारी में पूछताछ करने पर भी उसके बारे कोई जानकारी हासिल नहीं हुई है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करके तलाश शुरू कर दी है। एक अन्य मामले थाना अम्बाला छावनी में वेद राम ने शिकायत दर्ज करवाई है कि 24 दिसम्बर 2021 को उसकी 21 वर्षीय पुत्री बिना किसी को सूचित किए घर से कहीं चली गई है। रिश्तेदारी में पूछताछ करने पर भी उसके बारे कोई जानकारी हासिल नहीं हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### सड़क दुर्घटना का मामला दर्ज

**अम्बाला।** थाना बलदेव नगर में शुभम निवासी हरि नगर मिल के पीछे ने शिकायत दर्ज करवाई है कि 20 दिसम्बर 2021 को आरोपी अज्ञात कार चालक ने लापरवाही व तेज गति से कार चलाते हुए बलदेव नगर चैंक के पास उसकी मोटरसाईकिल में टक्कर मारी जिससे वह घायल हो गया। इस शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी है।

# जिला ब्राह्मण सभा ने मासिक हवन किया



**अम्बाला शहर, 27 दिसम्बर ( नितिन कुमार )।** भगवान श्री परशुराम मंदिर पीपली बाजार अम्बाला शहर में मासिक हवन यज्ञ व बैठक का आयोजन किया गया। सभी ने समाज कल्याण के लिए हवन में आहुतियां डाली। अंबाला जिला ब्राह्मण सभा के जिलाध्यक्ष सतीश बक्शी जी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम यह मासिक हवन यज्ञ ना केवल पुरानी परंपरा को बनाए रखने के लिए करते हैं बल्कि समाज के कल्याण तथा ब्राह्मण समाजों को एकत्रित करके समाज के लिए कुछ नया तथा प्रभावकारी करने के लिए भी करते हैं। सभी सदस्यों ने सभा के संस्थापक सदस्य स्व. वेद राज सिद्धी के पड़पौत्र अनुभव का जन्मदिन मनाकर उनको लम्बी उम्र का आशिर्वाद देकर बधाई दी। इस अवसर पर विजय शर्मा, महेश वशिष्ठ, अवधेश गिरी, अरविंद शर्मा, सुरिन्दर शर्मा, सोमनाथ शर्मा, सुभाष शर्मा, ईश्वर चंद शर्मा, सुमित शर्मा व अन्य सदस्य मौजूद थे।

# थियेटर ट्राफी जीत जीएमएन कॉलेज ने बढ़ाया गौरव : राजपाल




**अम्बाला छावनी, 27 दिसम्बर ( नितिन कुमार )।** एमडीएसडी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित होने वाले इंटर कॉलेज जोनल यूथ फेस्टिवल के दौरान नाटकों का स्वरूप काफी बदला नजर आया। इंटर कॉलेज जोनल यूथ फेस्टिवल में चार विभिन्न प्रकार की ट्रॉफियां थी जिसमें थिएटर की सभी शैलियों में ओवर ऑल ट्राफी जीतकर और अन्य विधाओं में भी स्थान प्राप्त करने वाली जीएमएन कॉलेज, की टीम ने देश में चल रहे गंभीर मुद्दों को ही नहीं, बल्कि कला की परंपरागत विधाओं को भी लोगों के सामने पेश किया।

थिएटर आइटम्स की सभी विधाओं में पारंगत और प्रथम स्थान पर रहने वाली जीएमएन कॉलेज की टीम के विद्यार्थियों के लिए भी एमडीएसडी गर्ल्स कॉलेज में उपस्थित जजों ने भी कहा जीएमएन कॉलेज के युवा एवं सांस्कृतिक विभाग की पूरी टीम की तरफ से यह एक सराहनीय प्रयास है। अब जीएमएन कॉलेज की टीम इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल में अपनी एक्टिंग के रंग बिखेरेगी।

जीएमएन कॉलेज प्राचार्य डॉ राजपाल सिंह ने इस अवसर पर बताया कि इसमें कठिन परिश्रम की जरूरत होती है । लेकिन, स्टूडेंट्स ने इस मुश्किल एक्ट को जिस तरह से पेश किया, वह काबिलेतारीफ है। इससे दूसरे कॉलेजों को भी सीखने को मिलेगा प्राचार्य डॉ. राजपाल सिंह के कार्यकाल में पहली बार कलाकारों ने थिएटर की सभी विधाओं में -ऑवरल ट्राफी-जीतकर विजय का झंडा फहराया।

# सर्व धर्म समाज सोसाइटी द्वारा लगाया लंगर



**अम्बाला शहर, 27 दिसम्बर ( निलेश कुमार )।** सर्वधर्म समाज कल्याण सोसाइटी द्वारा कर्ण पैलेस के साथ लगते धीमान शोरूम के प्रांगण में सोसाइटी के डॉ. अश्वनी शर्मा प्रधान, राजेन्द्र कौशिक (राष्ट्रपति अवार्डी) चेयरमैन, सुबेदार एन.एस. रंधावा मुख्य संरक्षक, डायरेक्टर रंधावा अकाडमी, एडवोकेट देवीदयाल भारद्वाज महासचिव, सरदार धर्म सिंह जस्सल नम्बरदार सलाहकार, कृष्ण गोपाल धीमान पूर्व प्रिंसीपल संरक्षक, सुभाष शर्मा संरक्षक, प्रवीण कुमार शर्मा प्रधान वी हेल्पिंग ग्रुप धनाना, अरुण कुमार कौशिक कानुनी सलाहकार अपनी माता, पत्नी बेटी मन्नत शर्मा, पुत्र माधव कृष्णा सहित, सरदार जोगींन्दर सिंह, महेंद्र पाल सौंडा, सुखविंदर सिंह, मास्टर राम कर्ण शर्मा कार्यकारिणी सदस्य, कृष्ण कुमार धीमान प्रबंधक, वेद प्रकाश कौशिक सदस्य, धर्म पाल सौंडा मुख्य कैशियर, देवनारायण तिवारी कैशियर, बी.के. शोरी तथा राम निवास शर्मा पंडित प्रहलाद शर्मा, श्री जोगींदर पाल कौशल, चन्द्र प्रकाश कौशिक, सरदार गुरविंदर सिंह खन्ना, राम कुमार सैनी, सरदार गुरमेल सिंह, हरि धीमान, रवि धीमान, राहुल धीमान तथा शाम लाल हलवाई आदि द्वारा दसवें पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह सर्ववंश कुर्बानी के साहिबजादों तथा माता गुजरी जी द्वारा हिन्दु धर्म की रक्षा के लिए दी गई सहादत को कोटी कोटी नमन करते हुए बाबा जी को बुलाकर बाकायदा श्रद्धांजलि अरदास की गई।

### जिला रैडक्रॉस सोसायटी अम्बाला में शुरू किये दो नए कोर्स : उपायुक्त

**अम्बाला, 27 दिसम्बर ( निलेश कुमार )।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि जिला रैडक्रॉस सोसायटी अम्बाला में दो नए कोर्स को शुरू करने का काम किया गया है। जिनमें घर में यदि किसी घरेलू काम के लिए (नौकर) की आवश्यकता हैं या छोटे बच्चों के लिए केयर करने के लिए की नैनी की आवश्यकता है तो वह रैडक्रॉस सोसायटी के कार्यालय अम्बाला शहर में सम्पर्क कर सकता हैं।

इसके लिए हैल्पलाईन नम्बर 8307499653 भी जारी किया गया हैं, इस पर भी सम्बधिंत जानकारी ले सकता हैं। उपायुक्त ने बताया कि यहां पर नए कोर्स के तहत जो प्रशिक्षण दिया जाएगा, वह बिल्कुल निशुल्क होगा तथा यहां से प्रशिक्षण लेने वाले व्यक्ति चाहे वह पुरुष या महिला है उसकी पुलिस द्वारा वैरिफिकेशन भी की जाएगी।

### घरेलू नौकरों, किराएदारों, पेइंग गेस्ट की जानकारी पुलिस थाने में जरूर दें

**अम्बाला।** जिलाधीश विक्रम सिंह ने धारा 144 के तहत आदेश जारी करते हुए घरेलू नौकरों, किराएदारों, पेइंग गेस्ट की जानकारी नजदीकी पुलिस स्टेशन में देने को कहा है। जारी किए गए आदेशों की जानकारी देते हुए विक्रम सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के माध्यम से जानकारी मिली है कि बहुत से लोगों ने, जिन्होंने अपने घरों या प्रतिष्ठानों पर किरायेदार/घरेलू नौकर, पेईंग गेस्ट रखे हुए हैं, उनकी सूचना पुलिस को उपलब्ध नहीं करवाई है। जिला में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए जनता का सहयोग अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों के लिए यह जरूरी है कि जब भी वे किसी व्यक्ति को किराएदार या घरेलू नौकर रखें तो उसकी सूचना तुरंत सम्बन्धित पुलिस थाना/चौकी में दें ताकि उसके चरित्र के बारे में पता लगाया जा सके। उन्होंने सभी भू-मालिकों, रिहायशी व कमर्शियल प्रतिष्ठानों के प्रबन्धकों को निर्देश दिये हैं।




HPL POWER OF TECHNOLOGY
MALHOTRA Refrigeration Works
Engineers, Contractors & General Order Suppliers
Authorised Dealer HPL
Prop. Hemant Malhotra
163, Gandhi Market, Ambala Cantt -133001
Mob. : 92156-03198, Ph. : 0171-4000298